प्रेस नोट

दिनांक 23.10.2026

जनपद मऊ

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा विधान परिषद चुनाव के दृष्टिगत मतदान स्थलों का किया गया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

आज दिनांक 23.10.2026 को जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश मिश्रा द्वारा जनपद में विधान परिषद चुनाव के दृष्टिगत विभिन्न मतदान स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मतदान स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सतर्कता बरतने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनपद में विधान परिषद चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

मऊ पुलिस — निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल निर्वाचन हेतु प्रतिबद्ध।

मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा महिलाओं बलिकाओं एवं छात्राओं को किया जा रहा जागरुक, पंपलेट वितरित कर दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी -

नारी शक्ति का करें सम्मान, तभी बनेगा देश महान।"""

मिशन शक्ति 6.0 के चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा, के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों स्कूलों कालेजों एव गांवो में जाकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही पम्पलेट वितरित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, महिला उत्पीड़न एवं लैंगिक अपराधों से बचाव, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी, बाल अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा पुलिस सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

जनपद मऊ पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करने तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 10,000-/ (दस हजार रुपया) पीड़ित को वापस कराया गया

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में **दिनांक- 23.10.2026** को पीड़ित के खाते से यूपीआई के माध्यम से फ्राड की गयी कुल धनराशि- 10,000-/ (दस हजार रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

***थानावार विवरण*-**

1.थाना मुहम्मदाबाद गोहना साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित /आवेदक संदीप चौहान पुत्र रामअवध निवासी पिरुआ थाना रानीपुर जनपद मऊ का कुल धनराशि – 10,000/- वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 01 वारण्टी गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 23.10.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*-**

1.थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा वारंटी फिरोज पुत्र मिन्नु निवासी ग्राम युसुफाबाद थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गाली देना, लाठी डंडे व फावड़े से मारना पीटना, जिसमें पीड़ित को काफी चोटे आना व बेहोश हो जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने वाले 05 अभियुक्तों को 8 -8 वर्ष का सश्रम कारावास व दो अभियुक्तो को 33-33 हजार रूपये व तीन अभियुक्तो को 18-18 हजार रूपये के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिलाधिकारी मऊ व पुलिस अधीक्षक मऊ के पर्यवेक्षण में चिन्हित मु0अ0सं0- 31/2025 धारा 3(5), 110, 105, 115(2), 117(2), 351(5), 352 बीएनएस थाना दोहरीघाट जनपद मऊ की साक्ष्यपरक विवेचना एवं प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक 23.10.2026 को मा0 न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट, जनपद मऊ द्वारा गाली देना, लाठी डंडे व फावड़े से मारना पीटना, जिसमें पीड़ित को काफी चोटे आना व बेहोश हो जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने वाले दोषी अभियुक्तों क्रमशः 1.रामप्रवेश पुत्र स्वर्गीय किशुनधारी 2.गीता पत्नी रामप्रवेश 3.रिंकी 4.पिंकी 5.प्रियंका पुत्रीगण रामप्रवेश समस्त निवासीगण ग्राम मादी दुल्लाह थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को 8-8 वर्ष का सश्रम कारावास व अभियुक्तगण रामप्रवेश व गीता को 33-33 हजार रूपये व अभियुक्तागण रिंकी, पिंकी व प्रियंका को 18-18 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अर्थ दंड ना अदा करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

जनपद में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांक 23.10.2026 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट महोदय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी यातायात व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में गाजीपुर तिराहा से आजमगढ़ तिराहा तक रुट मार्च/ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।